Regarding India-Nepal Rail connectivity

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज)**:** सभापति महोदया, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने मुझे एक लोक महत्व के प्रश्न को उठाने की इजाजत दी है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का भी ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। हमारी भारतीय रेल ने पूरे देश में विस्तार किया है। अब इस कनेक्टिविटी को नेपाल के साथ भी जोड़ सकें, उस दिशा में भारत-नेपाल की नो मैन्स लैंड पर बढ़नी रेलवे स्टेशन पर आपने वाशिंग पिट भी दे दिया। आज बढ़नी पूरे नेपाल का गेटवे है। आपने सिद्धांत: इस बात को स्वीकार भी किया है कि नेपाल में स्थित काठामांडू, पोखरा, बुटवल से भारत और नेपाल की 'मैत्री' विस्तार और नेपाल की एक मनी ऑर्डर इकोनॉमी भारत पर निर्भर है। भारत के साथ जिस तरह के रिश्ते हैं, उसके लिए वहां से हमारे यहां के चार महानगर, दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई से जोड़ने की बात हुई है। उस दिशा में कार्रवाई भी हुई है।

पूरे देश में न केवल भारत को बल्कि नेपाल को भी उस कनेक्टिविटी से पर्यटन तथा हर तरह के व्यावसायिक दृष्टिकोण का लाभ होगा। मैं आपके माध्यम से बढ़नी से, नो मैन्स लैंड से, देश के चार महानगरों के लिए ट्रेन चलाए जाने की मांग करता हूं।